।। श्री हरिः ।।

नमामि देवी नर्मदे

# अमृत दर्शन

नर्मदापुरम का प्रथम हिन्दी दैनिक

RNI No. MPHIN /2004 /13927

वर्ष - 21 अंक - 319

नर्मदापुरम

सोमवार, 01 सितंबर 2025

● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपया

Website : www.amritdarshan.com

**खास बात**

*एक ही उल्लू काफी था, बर्बाद गुलिस्तां करने को। हर शाख पे उल्लू बैठा है, अंजामे गुलिश्तां क्या होगा।*

*- अज्ञात*

## संक्षिप्त समाचार

### सिंधिया परिवार की तीसरी पीढ़ी को मिली एमपीसीए की कमान, महाआर्यमन अध्यक्ष बने

**इंदौर।** मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) की कमान अब सिंधिया परिवार की तीसरी पीढ़ी के हाथों में आ गई है।



शनिवार को नामांकन की अंतिम तिथि तक, महाआर्यमन सिंधिया के अलावा किसी और ने अध्यक्ष पद के लिए पर्चा नहीं भरा, जिससे उनका निर्विरोध अध्यक्ष बनना तय हो गया है। इस तरह, उन्होंने अपने दादा माधवराव सिंधिया और पिता ज्योतिरादित्य सिंधिया की विरासत को आगे बढ़ाया है और वह एमपीसीए के इतिहास में सबसे युवा अध्यक्ष भी बन गए हैं। सिंधिया परिवार और मध्यप्रदेश क्रिकेट का रिश्ता दशकों पुराना है। माधवराव सिंधिया और उसके बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस एसोसिएशन का नेतृत्व किया। महाआर्यमन, जिनका जन्म 17 नवंबर 1995 को हुआ था, ने अपनी शिक्षा दून इंटरनेशनल स्कूल और लंदन की येल यूनिवर्सिटी से पूरी की। वे वर्तमान में ग्वालियर क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष हैं और उन्होंने ही प्रदेश में एमपीएल की शुरुआत की थी। उनका यह कदम राजनीतिक गलियारों में उनके संभावित प्रवेश का संकेत भी माना जा रहा है। हालांकि, संयुक्त सचिव पद पर मुकाबला रोचक होने की उम्मीद है। इस पद के लिए सिंधिया गुट से अरुंधती किरकिरे और स्वतंत्र उम्मीदवार अमरदीप पठानिया के बीच सीधी टक्कर होगी।

### पीसीसी चीफ की कार का कांच फोड़ा, पटवारी ने माफी मांगी



**रतलाम।** रतलाम में मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के काफिले को धाकड़ समाज ने घेर लिया। उन्हें काले झंडे दिखाए। उनकी कार के शीशे मुक्के मारकर तोड़ दिए। इस घटना को लेकर जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा नेताओं ने उन पर हमला किया। वहीं कांग्रेस ने स्टेशन रोड थाने में नामजद शिकायत की। जिस पर पुलिस ने अज्ञात के लिए एफआईआर दर्ज की है। दरअसल, पटवारी ने एक सभा में मंच से भाजपा से जुड़े मंदसौर के धाकड़ समाज के दो नेताओं को लेकर बयान दिया था। जिसके विरोध में नाराज समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। जीतू पटवारी ने काफिला रोककर समाजजनों से उस बयान पर माफी मांगी। हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि उन्होंने उन दो नेताओं के बारे में कहा, जिन्होंने शर्मसार करने वाला काम किया है। जीतू पटवारी ने समाज के लोगों को अपना रिश्तेदार बताया। वह रविवार को रतलाम में 'वोट चोर, गद्दी छोड़' जनसमर्थन यात्रा में पहुंचे थे


## अंतर्मना उवाच

***पर्वों के पर्वराज का चोथा चरण - उत्तम शौच***

***उत्तम शौच का अर्थ है- जिसे चाहो - उससे कुछ मत चाहो..!***

*83 लाख 99 हजार 9 सौ 99 योनियों में सिर्फ एक मानव है जो धन कमाता है। अन्य कोई भी जीव बिना धन कमाये आज तक ना भूखा सोया ना भूखा मरा। सिर्फ एक मानव है जो पैदा होने के बाद से आज तक ना पेट भर पाया, ना पेटी। इस लोभ वृत्ति से मुक्त होने के लिये संतोष का मार्ग है- उत्तम शौच।*

***संतोषी दरिद्र होने के बाद भी सुखी है और लोभी समृद्ध होने के बाद भी दुखी परेशान है।** हमें दुःख में से सुख खोजकर जीना है। दुःख में सुख खोज लेना भी एक कला है। **बड़े से बड़े दुखों में भी छोटे छोटे सुख के चिराग छुपे होते हैं।** उन्हीं सुखों को पकड़कर यदि मनुष्य जिंदगी जीता है, तो जिन्दगी भर सुख, शांति, आनंद, प्रेम का अमृत बरसता है।*



*मैं धन का विरोधी नहीं हूँ- धन होना चाहिए लेकिन **सिर्फ धन के लिए जीवन नहीं गवाना चाहिए।** जिंदगी में धन कुछ हो सकता है लेकिन धन सब कुछ नहीं हो सकता। जैसे जैसे धन बढ़ता है वैसे वैसे भोग विलासिता के संसाधन हमारे अमन चैन के जीवन को उजाड़ कर, ना सिर्फ वीरान बना देते हैं, अपितु दर्द भरा जीवन जीने के लिए विवश भी कर देते हैं। उत्तम शौच के अभाव में आदमी की अच्छी खासी जिन्दगी भोग विलास, ऐशो आराम से केवल पतोन्मुखी बनती है। इसलिए जीवन को उन्नत समुन्नत बनाने के लिये सिर्फ धन नहीं, साथ में धर्म की भी आवश्यकता है। **सौ बात की एक बात - कितना भी धन कमा लो और धन जोड़ लो- साथ कुछ भी नहीं जायेगा।***

*जो अनंत सुख तक साथ दे उसका दामन थामना ही उत्तम शौच धर्म है...!!!*

■ **अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज**

## पीएम मोदी और उनकी मां के अपमान पर फूटा गुस्सा, सागर में कांग्रेस के खिलाफ भाजपा का बड़ा प्रदर्शन



सागर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी दिवंगत माता जी पर कांग्रेस नेताओं द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ रविवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा तीन बत्ती स्थित कॉग्रेस कार्यालय के सामने मौन धरना देकर विरोध प्रदर्शन कर रोष व्यक्त किया।


### मातृशक्ति का अपमान कर कांग्रेस समाज व संस्कृति के विपरीत कार्य कर रही है

**भोपाल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि बिहार की एक सभा के दौरान राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के मंच से प्रधानमंत्री की माता जी को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की गई। इस टिप्पणी से भारतीय जनता पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता के साथ देश के बुद्धिजीवी एवं संभ्रांतजन भी आक्रोशित हैं। देश और दुनियाभर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बढ़ती लोकप्रियता से बौखलाए कांग्रेस नेता अपमानजनक टिप्पणी कर रहे हैं।

## सीएम ने 21 फीट ऊँची अटल प्रतिमा का किया अनावरण

**ग्वालियर ■ एजेंसी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की 21 फीट ऊँची भव्य प्रतिमा का अनावरण सौभाग्य का क्षण है। अटल स्मृति संघ, अंबाह की पुण्य भूमि पर आज एक स्वर्णिम अध्याय की शुरुआत हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को मुरैना जिले के अंबाह में 31 लाख रुपये की लागत से निर्मित प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अटल जी की यह प्रतिमा जयश्वर महादेव पार्क में स्थापित की गई है, जहाँ 25 लाख की लागत से जिम और 40 लाख की लागत से लाइटिंग एवं प्लेटफॉर्म का निर्माण कराया गया है। यह प्रतिमा लगभग 200 करोड़ मूल्य की शासकीय भूमि पर स्थापित की गई है। उन्होंने कहा कि अटल जी के नेतृत्व में गांव-गांव तक सड़कों का जाल बिछाया गया। वर्ष 1956 से 2003 तक प्रदेश में केवल 5 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि पिछले डेढ़ वर्षों में प्रदेश में 5 नए मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में सांदीपनि विद्यालयों की स्थापना विकासखंड स्तर पर की जा रही है। इसके अतिरिक्त आईटीआई संस्थान भी खोले जा रहे हैं, जिससे छात्र-छात्राएं पढ़-लिखकर अपने ही जिले में रोजगार प्राप्त कर सकें। इसी क्रम में 500 करोड़ की लागत से ग्राम पिपरसेवा में उद्योग स्थापना हेतु भूमिपूजन किया गया है।

## विश्वास और सम्मान से सुधरेंगे रिश्ते... बॉर्डर मैनेजमेंट पर बनी सहमति

# आतंकवाद से लड़ने मोदी ने चीन का साथ मांगा, जिनपिंग को भारत आने दिया न्यौता

**नई दिल्ली/तिआनजिन ■ एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को चीन के तिआनजिन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। यह मुलाकात शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन से पहले हुई, जो करीब 40 मिनट तक चली। बैठक में दोनों नेताओं ने सीमा पर शांति, आपसी सहयोग और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति जिनपिंग का गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए आभार जताया और कहा कि पिछले साल कजान में हुई मुलाकात ने रिश्तों को सकारात्मक दिशा दी। उन्होंने कहा कि सीमा पर डिसइंगेजमेंट के बाद शांति और स्थिरता का माहौल बना है।

मोदी ने बताया कि विशेष प्रतिनिधियों के बीच बॉर्डर मैनेजमेंट पर सहमति बनी है। कैलाश मानसरोवर यात्रा और दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरू हो गई हैं। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के सहयोग से 2.8 अरब लोग जुड़े हुए हैं और इससे पूरी मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा।

प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत परस्पर विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता के आधार पर रिश्तों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही उन्होंने सहयोग संगठन शिखर की सफल अध्यक्षता के लिए राष्ट्रपति जिनपिंग को बधाई भी दी। इस बैठक में पीएम मोदी के साथ एनएसए अजीत डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिसरी, चीन में भारतीय राजदूत प्रदीप रावत और जॉइंट सेक्रेटरी (ईस्ट एशिया) गौरांग लाल दास मौजूद रहे।

**जिनपिंग ने कहा- ड्रैगन और हाथी का साथ आना ज़रूरी-** राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पीएम मोदी से मुलाकात पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि कजान में हुई पिछली बैठक सफल रही और भारत-चीन का साथ आना बेहद ज़रूरी है। जिनपिंग ने कहा, दुनिया बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। भारत और चीन दो सबसे सभ्य व आबादी वाले देश हैं और ग्लोबल साउथ का अहम हिस्सा हैं। दोस्त बनना, अच्छे पड़ोसी बनना और ड्रैगन व हाथी का साथ आना बहुत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि इस साल भारत-चीन राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ है। दोनों देशों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से संबंधों को आगे बढ़ाना चाहिए। जिनपिंग ने बहुपक्षवाद, बहुध्रुवीय विश्व और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में लोकतंत्र बनाए रखने की ज़िम्मेदारी पर भी जोर दिया और कहा कि एशिया व दुनिया की शांति और समृद्धि के लिए भारत और चीन को मिलकर काम करना होगा।

### भारत-चीन रिश्ते विश्वास और सम्मान पर आगे बढ़ेंगे : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय वार्ता के दौरान आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता के आधार पर भारत-चीन संबंधों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने सीमा चौकियों से सैनिकों की वापसी के बाद संबंधों और शांति के विभिन्न मोर्चों पर हुई प्रगति की सराहना की। उन्होंने कैलाश मानसरोवर यात्रा की शुरुआत और दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान संपर्क की शुरुआत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच सीमा प्रबंधन पर सहमति बन गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, पिछले साल कज़ान में हमारी बहुत ही उपयोगी चर्चा हुई थी जिससे हमारे संबंधों को सकारात्मक दिशा मिली। सीमा पर सैनिकों की वापसी के बाद शांति और स्थिरता का माहौल बना है।



### पुतिन, जिनपिंग, मोदी और शरीफ एक फ्रेम में आए नजर

चीन में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के दौरान एक आकर्षक नजारा देखने को मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और अन्य नेता एक मंच पर नजर आए। तियानजिन में आधिकारिक स्वागत समारोह के दौरान ये नेता एक फोटो फ्रेम में खड़े नजर आए। अब यह तस्वीर दुनिया भर में तेजी से वायरल हो रही है और राजनीतिक विश्लेषक इसे मायने तलाशने में जुट गए हैं। कहा जा रहा है कि इस एक तस्वीर ने अमेरिका समेत दूसरे शक्तिशाली देशों को मजबूत संदेश देने का काम किया है।

## मुख्यमंत्री करेंगे विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का अनावरण एवं ऐप का लोकार्पण

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**



भारतीय काल गणना पद्धति और वैज्ञानिक परम्परा को एक नई पहचान मिलने वाली है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री निवास में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी और इसके मोबाइल एप का लोकार्पण करेंगे। यह घड़ी भारतीय पंचांग और कालगणना को आधुनिक तकनीक से जोड़ती है। इसे 189 से अधिक भाषाओं में देखा जा सकेगा। इस अद्वितीय घड़ी के माध्यम से समय के साथ-साथ पंचांग, तिथि, नक्षत्र, योग, वार, मास, व्रत और त्यौहारों की जानकारी भी उपलब्ध होगी।

मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी ने बताया कि एक सितम्बर को सुबह 9 बजे शौर्य स्मारक पर कॉलेज, विश्वविद्यालयों के युवा एवं विद्यार्थी एकत्रित होंगे। शौर्य स्मारक से बाइक/बस रैली भारत का समय - पृथ्वी का समय आरंभ होगी, जो श्यामला हिल्स थाने तक जायेगी। श्यामला हिल्स थाने में बाइक पार्क कर रैली पैदल मार्च में बदलकर मुख्यमंत्री निवास के मुख्य द्वार तक पहुँचेगी। इस मौके पर विक्रमादित्य वैदिक घड़ी- भारत के समय की पुनर्स्थापना की पहल विषय युवा संवाद कार्यक्रम भी होगा, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. यादव युवाओं से सीधा संवाद करेंगे।

विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के बारे में विशेष जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय काल गणना पर आधारित यह विश्व की पहली घड़ी है। भारतीय काल गणना सर्वाधिक विश्वसनीय पद्धति का पुनर्स्थापन विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के रूप में उज्जैन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 29 फरवरी 2024 को किया गया था, जिसे देश और दुनिया में अच्छा प्रतिसाद मिला। विक्रमादित्य वैदिक घड़ी भारतीय परंपरा, वैदिक गणना और वैज्ञानिक दृष्टि का अद्भुत संगम है। भारतवर्ष वह पावन भूमि है जिसने संपूर्ण ब्रह्माण्ड को अपने ज्ञान से आलोकित किया है।

## औद्योगिक और ऊर्जा क्रांति का आधार बनेगी नई हाइड्रोजन निर्माण इकाई : मुख्यमंत्री

**मुरैना ■ एजेंसी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मुरैना के पिपरसेवा में हो रहा हाईड्रोजन निर्माण इकाई का भूमिपूजन नई औद्योगिक क्रांति, नई ऊर्जा क्रांति और नए मध्यप्रदेश की नींव है। मुरैना की ऐतिहासिक धरती पर स्थापित हो रही यह इकाई ग्वालियर-चंबल क्षेत्र की नई विकास यात्रा का प्रतीक बनेगी। चंबल की भूमि उपजाऊ और कमाऊ होने के साथ ही टिकाऊ भी है। मुरैना जो कभी बीहड़ों के कारण जाना जाता था, आज विकास और प्रगति की नई पहचान बना रहा है। मुरैना अब सिर्फ कृषि प्रधान जिला नहीं रहा बल्कि औद्योगिक हब के रूप में भी उभर रहा है। मुरैना की गजक ग्लोबली ट्रेंड हो रही है। देश की संसद के पुराने भवन का डिजाइन भी मुरैना के मितावली मंदिर से लिया गया था।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को मुरैना जिले के पिपरसेवा में जीएचटू सोलर लिमिटेड की हाईड्रोजन निर्माण इकाई के भूमि-पूजन अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर भी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और उद्योगपतियों से संवाद कर आशय-पत्र भी वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों, गरीबों और लघु उद्यमियों के लिए स्वदेशी की लड़ाई लड़ रहे हैं। राज्य सरकार और प्रदेशवासी पूरी प्रतिबद्धता से उनके साथ हैं। मुरैना में आरंभ हो रही हाईड्रोजन इकाई में कोरिया और ब्रिटेन की अग्रणी कम्पनियां तकनीकी सहयोग कर रही हैं। निकट भविष्य में इससे ग्रीन हाईड्रोजन का उत्पादन किया जाएगा। परियोजना से लगभग 500 युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

### गाड़ी 'सड़क पर नहीं तो टैक्स नहीं' सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** मोटर व्हीकल टैक्स को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा और स्पष्ट फैसला सुनाया है, जिससे लाखों वाहन मालिकों को राहत मिल सकती है। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा है कि अगर कोई व्यक्ति अपने वाहन का इस्तेमाल सड़क, हाईवे या किसी अन्य सार्वजनिक स्थान पर नहीं कर रहा है, तो वह मोटर व्हीकल टैक्स देने के लिए बाध्य नहीं है। जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने यह फैसला राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड से जुड़े एक मामले पर सुनाया है। RINL ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के दिसंबर 2024 के एक फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह व्यवस्था दी।

## माता वैष्णो देवी में भूस्खलन का बढ़ा खतरा

# प्रशासन ने होटल और धर्मशालाओं को खाली करने का दिया आदेश

**कटरा ■ एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के कटरा में पिछले दिनों हुए भूस्खलन के बाद प्रशासन ने होटल और धर्मशालाओं को खाली करने का आदेश जारी किया है। प्रशासन ने कटरा में भूस्खलन के खतरे के चलते व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को खाली करने का आदेश दिया है।

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के उपमंडल मजिस्ट्रेट कटरा कार्यालय ने रविवार को यह आदेश जारी किया। इसमें कहा गया कि कटरा उपमंडल में हाल के दिनों में भारी बारिश और खराब मौसम के कारण बालिनी ब्रिज और शनि मंदिर के पास कदमाल में बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ है। साथ ही कुछ स्थानों पर सड़कें भी धंस गई हैं। इससे क्षेत्र में भविष्य में भूस्खलन और नुकसान का खतरा बढ़ गया है। कटरा उपमंडल मजिस्ट्रेट पीयूष धोत्रा ने श्री माता वैष्णो देवी यात्रा के लिए कटरा आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से बालिनी ब्रिज से दर्शनी ड्योढ़ी और बालिनी ब्रिज से एशिया चौक तक के क्षेत्र में स्थित सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों (जैसे होटल, धर्मशालाओं आदि) को खाली करने का आदेश जारी किया है। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत जारी किया गया है।



## अग्रवाल समाज की भावना के अनुरूप प्रदेश के शहरों में बनाए जायेंगे बहुउद्देश्यीय गीता भवन

# देश के स्वाभिमान के लिए योगदान देने में अग्रवाल समाज अग्रणी : मुख्यमंत्री

***भोपाल ■ प्रतिनिधि***

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश के स्वाभिमान के लिये योगदान देने में अग्रवाल समाज सदैव अग्रणी रहा है। अपने बनने का भाव, संघर्षों के बीच जगह बनाने का भाव एवं देश सेवा का भाव अग्रवाल समाज में गहरे तक समाहित है। अग्रवाल समाज की इसी भावना के अनुरूप सरकार प्रदेश के शहरों में बहुउद्देश्यीय गीता भवनों की स्थापना करायेगी। इन भवनों में कम्प्यूटर शिक्षा और जनकल्याण के कार्य सहित अन्य सामाजिक गतिविधियां आयोजित की जा सकेंगी। गीता भवनों के निर्माण में सहयोग के लिये अग्रवाल समाज आगे आए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के अटल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद भारत सिंह कुशवाह, अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप मित्तल, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रमेश गर्ग एवं संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राकेश अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया मंचासीन थे।*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अग्रसेन महाराज का जीवन सदैव प्रेरणादायी रहा है। अग्रसेन महाराज ने समाज को बताया कि सफल व सार्थक जीवन जीने की दृष्टि क्या हो।*



*ग्वालियर में अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन की मध्यप्रदेश इकाई द्वारा दि ग्रेट महाराज अग्रसेन नाटक मंचन के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।*

### *उद्योगों के लिये देश की सबसे अच्छी संभावनाओं वाला राज्य है मध्यप्रदेश*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में उद्योगों के लिये मध्यप्रदेश सबसे अच्छी संभावनाओं वाला राज्य है। मध्यप्रदेश में सभी प्रकार के रोजगार और उद्योगों की स्थापना के लिये सरकार हर तरह की मदद उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा सरकार उद्योगों में श्रमिकों के रखने के लिये अनुदान के साथ बिजली, जमीन सहित अन्य प्रकार के अधोसंरचनागत कार्यों के लिये भरपूर अनुदान दे रही है। साथ ही अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों की स्थापना के लिये भी सरकार द्वारा अनुदान दिया जाता है।*

## पीएम मोदी के 'मन की बात'

### आपदाओं में जिसने प्रियजन खोए उनकी पीड़ा, हम सबका दर्द

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के जरिए रविवार को लोगों से बात की। इस दौरान उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं का जिक्र किया। उन्होंने बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से काफी तबाही हुई है। हर पीड़ित का दर्द, हम सभी का दर्द है। हर कोई पीड़ितों की मदद के लिए हरसंभव मदद कर रहा है। उन्होंने कहा कि मेरे प्यारे देशवासियो, नमस्कार! मानसून के इस मौसम में प्राकृतिक आपदाएं देश की कसौटी कर रही हैं।



